मंच का डर

Author: Yamini Vijayan
Illustrator: Somesh Kumar
Translator: Deepa Tripathi

PRATHAM BOOKS
A Book in Every Child's Hand

पठन स्तर ३

चंपा को दुनिया की किसी भी
दूसरी चीज़ से ज़्यादा गाना
अच्छा लगता है।

वह नहाते समय गाती है।
छत पर जाती है, तब गाती है।
पहाड़ी रास्तों पर चलते हुए गाती है।
और चाँद को गीत सुनाती है।

वह शेर जैसी बुलंद आवाज़ में गाती है।
मधुमक्खी-सा गुनगुनाती है।
बारिश की रिमझिम फ़ुहार में गाती है।
चिलचिलाती गर्मी में सुर सजाती है।

जब चंपा गाती है, तब उसकी आवाज़ उसके
मन में एक सुखद भाव जगाती है।

एक दिन जब चंपा गाती है, तब बसंत की आँखों में चमक आ जाती है।

“मुझे एक बहुत ही बढ़िया बात सूझी है!” वह कहता है।

बसंत चंपा का सबसे अच्छा दोस्त है,
और उसे हरदम कुछ न कुछ सूझता रहता है।
उसके कुछ विचार मज़ेदार होते हैं। और कुछ बिलकुल बेकार।

“तुम्हें स्कूल के वार्षिकोत्सव में गाना चाहिए।” बसंत ने कहा।

“कैसा भयंकर सुझाव है!” चंपा बोली।

“क्यों? गाओ न! तुम्हें तो गाना ख़ूब भाता है।”

चंपा ने बसंत को नहीं बताया था कि वह सिर्फ़ एक ही बार मंच पर चढ़ी है और तब डर के मारे वह बेहोश होते-होते बची थी।

“मैं इतने सारे लोगों के सामने नहीं गा सकती। मैं तो माँ और पा के सामने भी नहीं गाती!“

“लेकिन तुम मेरे सामने तो गाती हो! बस तुम्हें थोड़ी सी कोशिश करने की ज़रूरत है, चंपा।”

“सचमुच करनी चाहिए?”

“हाँ! हाँ! हाँ!”

“ और अगर माही और पारस ने मेरा मज़ाक उड़ाया? ”

“ अगर वह मज़ाक उड़ाएँगे, तो वह ख़ुद बेवकूफ़ कहलाएँगे।
तुम तो एक शानदार गायिका हो।”

भीड़ के सामने गाने की बात सोचने भर से चंपा के मन में हलचल होने लगती। एक तरफ़ उसका मन ख़ुशी से फूला न समाता और दूसरी तरफ़ उसका दिल घबराता।

पर उसे तो गाने से बेहद लगाव है! आख़िरकार वह गाने की ठान लेती है।

चंपा जी तोड़ मेहनत करके गाने का अभ्यास करती है।

नींद से जागती है तो धीमे-धीमे गुनगुनाती है।

गुणा-भाग करते समय भी सुर
सजाती है।

बकरी को चराने ले जाते समय भी आवाज़ में उतार-चढ़ाव का रियाज़ करती है।

मुँह से अलाप लगाती है।
नाक के पुट से तान सजाती है।

गाते-गाते उलट-पलट हो जाती है।

घरवाले चंपा के मंच पर गाने को लेकर बड़े ख़ुश हैं।
वह उसे सुझाव देते हैं।

“गाने से पहले लम्बी और
गहरी साँसें लो।”

“सुनने वालों के सामने
मुस्कुराहट बिखेरती रहो।
जैसी हो वैसी रहो,
बनावटी नहीं।”

“मिर्च जलाकर नज़र उतारो!
दही-पेड़ा या बारह अंगूर के
दाने खाकर भाग्य सँवारो!”

कार्यक्रम से एक दिन पहले चंपा ख़ास रियाज़ करती है।

रियाज़ बड़ा ही सफ़ल साबित होता है।



आख़िर आ ही जाता है वार्षिकोत्सव का दिन!

चंपा वह स्वेटर पहनती है जो उसके दादाजी ने
इस कार्यक्रम के लिए ख़ास तौर पर बुना है।

जब उसकी बारी आती है, तब जैसे
उसकी ज़बान लड़खड़ाने लगती है।

मंच बहुत विशाल लगने लगता है।
बिजली की रोशनी से आँखें चौंधिया
जाती हैं! सुनने वालों की भीड़ का डर
सताता है।

चंपा के गले से बोल नहीं फूटते और
ठंडी हथेलियों से पसीना छूट जाता है।

सुनने वालों को देखकर मुस्कुराना उसे याद रहता है।

लेकिन जब गाना शुरू करना चाहती है, तब आवाज़ फुसफुसाहट में बदल जाती है। ऐसा लगता है जैसे उसकी आवाज़ ही कोई निगल गया हो!



चंपा एक लम्बी और गहरी साँस लेती है, और दोबारा कोशिश करती है...

...और मुँह से एक दबी-सी कूक बाहर आती है।
सुनने वालों की बेचैनी उनके चेहरों पर छा जाती है।
चंपा का दिल ज़ोर-ज़ोर से धड़कने लगता है।
धक! धक! धक!
और सिर चकराने लगता है।



तभी उसे उचक-उचक कर हाथ हिलाता बसंत नज़र आता है। उसे देखते ही चंपा का हौसला बढ़ जाता है।

वह फिर कोशिश करती है।

होठों से गीत के बोल फूटते हैं धीरे-धीरे।
पहले आवाज़ कँपकँपाती है, फिर कुछ ठीक हो जाती है।

फिर संगीत की धारा बह निकलती है
चंपा के गले से मधुर, सुरीली और दमदार।

अब मंच के बड़ा होने से फ़र्क नहीं पड़ता।
न तेज़ रोशनी सताती है।
और न ही सुनने वालों की भारी भीड़ का
डर रह जाता है।

चंपा सुर छेड़ देती है, खुले गले से बेधड़क।

और इसी के साथ उसके मन में भर जाता है
दुनिया का सबसे ख़ूबसूरत अहसास।



This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

Story Attribution:

This story: मंच का डर is translated by Deepa Tripathi . The © for this translation lies with Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Based on Original story: 'Stage Fright', by Yamini Vijayan . © Pratham Books , 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Other Credits:

'Manch Ka Dar' has been published on StoryWeaver by Pratham Books. The development of this book has been supported by CISCO. www.prathambooks.org

Images Attributions:

Cover page: Girl in spotlight, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: A girl singing in winter , by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: Girl singing and dancing in rain with an umbrella, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: A girl and a boy in conversation by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: Umbrella flies away, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: Boy with goat walking behind a girl by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: Boy and girl relax in a grassy field by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: A garden, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: Butterflies in stomach, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: Girl practising yoga, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

A Corporate Social Responsibility Initiative

The development of this book has been supported by CISCO.

PRATHAM BOOKS storyweaver

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

Images Attributions:

Page 11: Girl jumping on mathematical symbols, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 12: Girl carrying a goat on her shoulders, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 13: Girl upside down, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 14: Three people , by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 15: Girl singing in front of animals, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 16: Rain in a field, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 17: Girl shying away from bright spotlight, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 18: Girl on stage in front of an audience, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 19: Brown background, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 20: Audience looking up at a child on stage, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 21: Boy waving at a girl from above a tree, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 22: Brown background, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

CISCO. A Corporate Social Responsibility Initiative

The development of this book has been supported by CISCO.

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

Images Attributions:

Page 23: Girl sings, by Somesh Kumar © Pratham Books, 2018. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

The development of this book has been supported by CISCO.

मंच का डर

(Hindi)

चंपा को गाना अच्छा लगता है। लेकिन वह मंच पर गाने से घबराती है। क्या वह अपने स्कूल के वार्षिकोत्सव में इतने सारे लोगों के सामने गाना गा पाएगी?

This is a Level 3 book for children who are ready to read on their own.

PRATHAM BOOKS storyweaver

Pratham Books goes digital to weave a whole new chapter in the realm of multilingual children's stories. Knitting together children, authors, illustrators and publishers. Folding in teachers, and translators. To create a rich fabric of openly licensed multilingual stories for the children of India and the world. Our unique online platform, StoryWeaver, is a playground where children, parents, teachers and librarians can get creative. Come, start weaving today, and help us get a book in every child's hand!